BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... **Date:.........................**

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (26.03.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:26.03.2025, PAGE-04

पीजी के ऑनस्पाट एडमिशन में लगी छात्रों की भीड़

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में पीजी में दाखिले के लिए मंगलवार से ऑनस्पाट एडमिशन शुरू हुआ। ऑनस्पाट एडमिशन के पहले दिन ही कॉलेजों से लेकर पीजी विभागों तक छात्रों की भीड़ लग गई। सबसे ज्यादा मांग, हिन्दी, इतिहास, कॉमर्स, भूगोल और जूलॉजी विषयों के लिए थे। कई कॉलेजों और पीजी विभागों में छात्रों की भीड़ इतनी रही कि छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों के हंगामे को शांत करने के लिए कॉलेज और विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आरडीएस कालेज, आरबीबीएम कालेज, पीजी कॉमर्स विभाग में दाखिले के लिए सुबह से दोपहर तक छात्रों की काफी भीड़ रही। कई कॉलेज छात्रों की भीड़ से परेशान होकर विवि प्रशासन को फोन करते रहे। कॉलेजों का कहना था कि सीटें कम हैं और दाखिला लेने वाले की संख्या ज्यादा है। कई विभाग के अध्यक्षों का कहना था कि उनके यहां सिर्फ कोटे की ही सीट मौजूद थी।

उधर, एक कॉलेज की प्राचार्य ने विवि के डीएसडब्ल्यू को पत्र लिखकर कहा कि पीजी में छात्राओं की संख्या कम है, इसलिए प्राचार्य कोटे से दो छात्रों के दाखिले की अनुमति दी जाए। बिहार विवि में 29 मार्च तक ऑनस्पाट एडमिशन लिया जाना है। बिहार विवि में पीजी में 11 हजार सीटें हैं। लगभग 9 हजार सीटों में दाखिला हो चुका है। दाखिले के लिए ऑनस्पाट से पहले तीन मेरिट लिस्ट जारी की जा चुकी है। विवि प्रशासन ने कॉलेजों और विभागों को मेरिट के आधार पर ही ऑन स्पाट एडमिशन के लिए पत्र जारी किया है।